vii. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय, उनके वर्ग के अनुरूप 'क्रीमी लेयर' अथवा 'गैर क्रीमी लेयर' संबंधी सूचना देनी होगी। 'क्रीमी लेयर' के अभ्यर्थियों को अन्य पिछड़ा वर्ग के 'गैर क्रीमी लेयर' अभ्यर्थियों को दी जाने वाली छूट का अधिकार नहीं होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के 'गैर क्रीमी लेयर' अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वार विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी का **दिनांक 01.04.2024 या उससे बाद की तारीख** को जारी किया गया यथावश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर की विशिष्ट तारीख के परिनिर्धारण के लिए कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन से पहले की तारीख मानी जाएगी। साथ ही, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को यदि कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है तो उन्हें कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन के लिए रिपोर्ट करते समय एक घोषणा देनी होगी कि वे अन्य पिछड़ा वर्ग के 'गैर क्रीमी लेयर' वर्ग से संबंधित हैं।

viii. ईडब्ल्यूएस आवेदकों को, भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा वर्ष 2024-25 तक के लिए वैधीकृत आय व परिसंपत्ति प्रमाणपत्र (आई एण्ड एसी) प्रस्तुत करना होगा। इस विज्ञापन के लिए कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन की तारीख से पहले की तारीख को ईडब्ल्यूएस स्थिति को केवल आरक्षण लाभों, यदि कोई हों तो केवल उनके लिए ही विचार किया जाएगा। विहित प्रारूप को www.npcilcareers.co.in. से डाउनलोड किया जा सकता है।

## 8.0 तैनाती का स्थान :

इस विज्ञापन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को एनपीसीआईएल, मुख्यालय मुंबई में तैनात किया जाएगा। तथापि, निगम के हितों के अनुसार उन्हें, यथावश्यक भारत में किसी भी स्थान पर अन्य इकाइयों/स्थलों को स्थानांतरित किया जा सकता है।

## 9.0 चयन प्रक्रिया :

**सहायक ग्रेड-1 (मा एवं.सं/ एवं लेखावित्त/.सं.सा(.प्र.**

अभ्यर्थियों का चयन निम्नलिखित आधार पर किया जाएगा :-

1. लिखित परीक्षा
2. पीसी पर टाइपिंग परीक्षा
3. कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा

1. लिखित परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी:
   चरण-। प्राथमिक परीक्षा एवं
   चरण-2 प्रगत परीक्षा

**चरण-1 (प्राथमिक परीक्षा) :**

1. यह एक स्क्रीनिग परीक्षा होगी जिसका आयोजन अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए किया जाएगा। स्क्रीनिंग परीक्षा का प्रारूप सभी गैर-तकनीकी कैडरों के लिए एक-समान होगा। भर्ती नियमों के अनुसार न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक होने के आधार पर प्रश्न स्नातक स्तर के होंगे।
2. परीक्षा में निम्नलिखित अनुपात में बहुविकल्पीय चयन (चार उत्तरों में से चयन) वाले कुल 50 प्रश्न होंगे:

| | |
|---|---|
| सामान्य ज्ञान व ताजा जानकारी | –25 Questions |
| कंप्यूटर ज्ञान | –15 Questions |
| अंग्रेजी | – 10 Questions |

3. यह परीक्षा एक होंगे। 150 घंटे की अवधि की होगी और कुल अंक (01)
4. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03(तीन) अंक दिए जाएंगे और गलत उत्तर के लिए 01(एक) अंक काटा जाएगा।
5. ये परीक्षाएं, लॉजिस्टिक आवश्यकताओं के अनुसार एक या अनेक सत्रों में आयोजित की जाएंगी।
6. उत्तीर्णता मानक : उत्तीर्णता मानक निम्नानुसार होंगे :

   सामान्य वर्ग (अना.) – 40% marks;
   एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी – 30% marks.

   तदनुसार, सामान्य श्रेणी के 40% से कम अंक पाने वाले तथा एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के 30% से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चरण-2 के लिए स्क्रीन्ड आउट हो जाएंगे।

**चरण-2 (प्रगत परीक्षा) :**

1. चरण-1 में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी चरण-2 (प्रगत परीक्षा) में भाग लेंगे। यह परीक्षा 02 (दो) घंटे अवधि की होगी और अधिकतम अंक 150 होंगे।
2. इस परीक्षा में निम्नलिखित विषयवस्तु से संबंधित 50 बहुविकल्पीय (चार उत्तरों में से चयन) प्रश्न होंगे:

   क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड – 25 questions
   क्रिटिकल रीज़निंग – 25 questions

3. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03(तीन) अंक दिए जाएंगे और गलत उत्तर के लिए 01(एक) अंक काटा जाएगा।
4. अर्हता मानक : अर्हता मानक निम्नानुसार होंगे:

   सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) – 30% marks;
   एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी – 20% marks.

   तदनुसार, सामान्य श्रेणी के 30% से कम अंक पाने वाले तथा एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के 20% से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चरण-3 के लिए स्क्रीन्ड आउट हो जाएंगे।
5. चरण-2 के पश्चात केवल चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।
6. समान अंक होने की स्थिति में, मेरिट लिस्ट में स्थान निर्धारण हेतु निम्नलिखित मानदण्ड अपनाए जाएंगे:
   - चरण-2 में प्राप्त कम निगेटिव अंकों वाले अभ्यर्थी को मेरिट लिस्ट में ऊपर रखा जाएगा।
   - चरण-1 में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को मेरिट लिस्ट में ऊपर रखा जाएगा।
   - चरण-1 में कम निगेटिव अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को मेरिट लिस्ट में ऊपर रखा जाएगा।
   - अभ्यर्थियों की जन्मतिथि (अधिक आयु वाले अभ्यर्थियों को मेरिट लिस्ट में ऊपर रखा जाएगा)

7. प्राथमिक व प्रगत परीक्षाएं एक ही दिन में आयोजित की जाएंगी और यथावश्यक 30 से 120 मिनट तक का अंतराल दिया जाएगा। इस अंतराल के दौरान अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

   चरण-2 परीक्षा का मूल्यांकन केवल तभी किया जाएगा जब कि अभ्यर्थी ने चरण-1 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

   चरण-2 के आधार पर तैयार की गई मेरिट लिस्ट के अनुसार अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किया जाएगा। कौशल परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट किए जानरे वाले अभ्यर्थियों की संख्या लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या पर निर्भर करेगी किंतु यह संख्या प्रत्येक पद व वर्ग की रिक्तियों की संख्या के 5 गुणे से

अधिक नहीं होगी। यदि लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की संख्या प्रत्येक पद व वर्ग की रिक्तियों की संख्या की 5 गुनी संख्या से कम होती है तो सभी उत्तीर्ण व पात्र अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

यदि शार्ट लिस्टिंग के दौरान समान क़टआफ अंको वाले एक से अधिक अभ्यर्थी हों तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किया जाएगा।

**चरण-3 (कौशल परीक्षा) :**

i) नीचे दिए गए (a) की प्रक्रिया के अनुसार पर्सनल कंप्यूटर पर टाइपराइटिंग परीक्षा।
एवं
ii) नीचे दिए गए (b ) की प्रक्रिया के अनुसार पर्सनल कंप्यूटर पर कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा।

**(a) पर्सनल कंप्यूटर पर टाइपिंग प्रवीणता परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया**

1. अभ्यर्थियों को अंग्रेजी भाषा के कम से कम 300 शब्दों युक्त छपा हुआ अवतरण जारी किया जाएगा। जिन्हें हिंदी भाषा में टाइपिंग परीक्षा देनी हो, उन्हें भी हिंदी भाषा के कम से कम 300 शब्दों युक्त छपा हुआ अवतरण जारी किया जाएगा।

2. परीक्षा की अवधि 10 मिनट की होगी जो नीचे दिए गए पैरा (3) की शर्तों के अधीन होगी। अभ्यर्थियों को इस दिए गए अवतरण को कंप्यूटर पर वर्ड-प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी में अथवा 30 शब्द प्रति मिनट की गति से हिंदी मे कुल 10 मिनट के भीतर टाइप करना होगा।

3. अभ्यर्थियों को इस टाइप किए गए अवतरण को, आपूर्त किए गए हैंडआउट में दिए गए तरीके से फार्मेट करने तथा इसका प्रिंटआउट लेने के लिए 05 अतिरिक्त मिनट दिए जाएंगे। फार्मेटिंग की निम्नलिखित विशिष्टताओं का परीक्षण किया जाएगा:-

| | |
|---|---|
| पैराग्राफों की इंडेंटिंग | अलग फोन्ट साइज का प्रयोग |
| सेलेक्टेड टेक्स्ट को बोल्ड में | पैराग्राफ की संख्या इंसर्ट करना |
| अंडरलाइन | सेंटर, लेफ्ट, राइट जस्टीफिकेशन |
| इटैलिक्स | लेफ्ट/राइट मार्जिन |
| अलग फोन्ट साइज का प्रयोग | पैसेज की लाइन स्पेसिंग जैसे सिंगल, डबल |

4. यदि अभ्यर्थियों ने अवतरण को समय से पहले टाइप कर लिया हो तो इस निर्धारित 10 मिनट के भीतर एडिटिंग टूल्स का प्रयोग करते हुए अवतरण की गलतियों को सुधारने पर कोई रोक नहीं है।

5. स्पीड, एक्यूरेसी व मिस्टेक का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जाएगा :-

(a) एक शब्द छूट जाने/अधिक हो जाने पर एक अंक काटा जाएगा। यदि अभ्यर्थी पूरा अवतरण टाइप नहीं कर पाता है तो छूटे हुए शब्दों की गिनती की जाएगी और प्रत्येक छूटे हुए शब्द के लिए एक अक काटा जाएगा।

(b) वर्तनी की प्रत्येक गलती के लिए एक अंक काटा जाएगा।

(c) फार्मेटिंग के लिए कुल 10 अंक हैं और जैसा कि ऊपर तालिका में बताया जा चुका है कि पैराग्राफ में कुल 10 विशिष्टताएं होंगी। यदि अभ्यर्थी, नमूने के अनुसार फार्मेटिंग करते हैं तो प्रत्येक विशिष्टता के लिए एक अंक दिया जाएगा। अन्यथा, कोई अंक नहीं दिया जाएगा। अर्हता प्राप्त करने के लिए फार्मेटिंग विशिष्टताओं के कुल 10 अंकों में अभ्यर्थी को कम से कम 06 अंक प्राप्त करना चाहिए।

(d) इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए अभ्यर्थी को फार्मेटिंग विशिष्टताओं के कुल 10 अंक में से कम से कम 06 अंक तथा अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति या हिंदी का विकल्प चुनने वाले अभ्यर्थियों को हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से टाइप करना होगा।

6. अवतरण के शब्दों की कुल संख्या के केवल 3% शब्दों की गलतियां अनुमन्य होंगी। यदि ये गलतियां 3% से अधिक होती हैं तो अभ्यर्थी को टाइपिंग प्रवीणता परीक्षा में अनुत्तीर्ण माना जाएगा।

**(b) कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया**

कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा का अभिकल्पन अभ्यर्थी की, एमएस विन्डोज़ ऑपरेटिंग सिस्टम व डेस्क टॉप एप्लीकेशन्स जैसे एमएस ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, एक्सेस, पॉवर प्वाइंट), ई-मेल प्रबंधन व इंटरनेट सर्फिंग में प्रवीणता परीक्षण के अनुरूप किया जाएगा।

तदनुसार, एक परीक्षा प्रश्नपत्र जिसके दो भाग होंगे अर्थात, भाग-1- वर्ड, एक्सेल, एक्सेस, पॉवर प्वाइंट के लिए तथा भाग-2 - ई-मेल प्रबंधन व इंटरनेट सर्फिंग में छह प्रश्न होंगे, उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक भाग की 30 मिनट समयावधि यह परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी।

भाग-1 में चार (04) प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक आबंटित हैं तथा भाग-2 में दो (02) प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का होगा।

50% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थीगण योग्य (गो) घोषित किए जाएंगे तथा 50% से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अयोग्य (नो गो) घोषित किया जाएगा।

कौशल परीक्षा, अर्हता प्रकार की परीक्षा है और यह केवल गो (योग्य)/नो गो (अयोग्य) पर आधारित है।

## 10.0 प्रतीक्षा सूची का प्रचालन

10.1 प्रतीक्षा सूची, विभिन्न पदों व श्रेणियों की मुख्य सूची में चयनित अभ्यर्थियों की संख्या के बराबर संख्या तक सीमित की जाएगी और यह, पैनल अनुमोदित किए जाने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी।

10.2 यह प्रतीक्षा सूची केवल उसी स्थिति में प्रचालित की जाएगी जबकि चयन सूची में चयनित कोई अभ्यर्थी, इस पद पर कार्यभार ग्रहण हेतु विहित अनुमन्य अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करता है या अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करता है किंतु कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि में त्यागपत्र दे देता है अथवा उसका निधन हो जाता है और इस समय तक कोई नया पैनल उपलब्ध नहीं होता है। प्रतीक्षा सूची, पैनल के अनुमोदन की तारीख अथवा ऐसी किसी भर्ती की अधिसूचना जारी किए जाने, इनमें से जो भी पहले हो, से एक वर्ष की अवधि के बाद प्रचालित नहीं की जाएगी।

## 11.0 यात्रा भत्ता (टीए) की प्रतिपूर्ति निम्नानुसार की जाएगी :

लिखित परीक्षा हेतु बुलाए गए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के ऐसे अभ्यर्थियों, जो केंद्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र संगठन/स्थानीय शासन/पंचायत में नियुक्त नहीं हैं, को यात्रा के मूल टिकट तथा उनके समुदाय की प्रमाणपत्र प्रति प्रस्तुत करने पर द्वितीय श्रेणी का रेल किराया या सामान्य श्रेणी के बस किराए का भुगतान करना होगा। तथापि, टिकट प्रस्तुत करने पर यह प्रतिपूर्ति उन्हीं को की जाएगी जो 30 किमी से अधिक की दूरी से आए हों। टीए की प्रतिपूर्ति के रूप में दी जाने वाली राशि अभ्यर्थियों के बैंक खाते में इलेक्ट्रानिक रीति से डाली जाएगी। तदनुसार, लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए व पात्र एससी/एसटी अभ्यर्थियों को उनके बैंक खाते संबंधी विवरण, उपलब्ध कराए गए विहित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगा।